लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1249

28 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा संवर्धन सहायता (एच०एस०एस०) योजना

1249. श्री ए० राजा:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हथकरघा बुनकरों के लिए हथकरघा संवर्धन सहायता/एच०एस०एस० योजना आरंभ की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) सरकार और लाभार्थी के बीच वित्तीय सहायता हिस्सेदारी का अनुपात कितना है;

(घ) सरकार द्वारा एच०एस०एस० योजना के अंतर्गत आज की तिथि तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ङ) आज की तिथि तक एच०एस०एस० से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने हथकरघा बुनकर लाभांवित हुए हैं; और

(च) सरकार द्वारा इस संबंध में कौन-सा निगरानी तंत्र विकसित किया गया है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय ने 2015-16 में राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) तथा व्यापक हथकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के तहत प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना शुरू की है। हथकरघा बुनकरों को फैब्रिक की गुणवत्ता में सुधार तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत करघे/सहायक सामान प्रदान करने हेतु प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना को कुछ संशोधनों के साथ दिसम्बर 2016 में 'हथकरघा संवर्धन सहायता (एचएसएस) योजना' नाम दिया गया था।

(ग): इस योजना के तहत भारत सरकार करघों/सहायक सामान की लागत का 90% वहन करती है तथा शेष 10% लाभार्थी द्वारा वहन किया जाता है।

(घ) और (ड): आज की तारीख तक राज्य-वार प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता तथा लाभार्थी हथकरघा बुनकरों की संख्या दर्शाने वाला विवरण अनुबंध-1 में दिया गया है।

(च): इस योजना की निगरानी भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग स्तरों पर की जाती है।

******

अनुबंध -1

दिनांक 28.06.2019 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1249 के भाग (घ) और (ङ) में उल्लिखित विवरण			
क्र. सं.	**राज्य**	**प्रदान की गई वित्तीय सहायता (लाख रूपये में)**	**लाभार्थी हथकरघा बुनकरों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	559.41	366
2	अरूणाचल प्रदेश	100.98	647
3	असम	980.06	1692
4	बिहार	185.49	10
5	छत्तीसगढ़	83.17	203
6	हिमाचल प्रदेश	34.88	0
7	हरियाणा	2.25	0
8	जम्मू एवं कश्मीर	129.48	121
9	झारखंड	477.00	390
10	कर्नाटक	45.84	1041
11	केरल	100.41	1438
12	मध्य प्रदेश	45.69	191
13	महाराष्ट्र	9.22	59
14	मणिपुर	113.92	2002
15	मेघालय	27.97	221
16	मिज़ोरम	172.21	1600
17	नागालैंड	268.62	570
18	ओडिशा	249.90	2066
19	राजस्थान	5.64	33
20	सिक्किम	13.77	20
21	तमिलनाडू	1220.09	11349
22	तेलंगाना	65.61	230
23	त्रिपुरा	59.09	191
24	उत्तर प्रदेश	546.35	1078
25	उत्तराखंड	2.07	0
26	पश्चिम बंगाल	417.53	2523
	कुल	**5916.66**	**28041**

****